POLICE COMMISSIONERATE

PRAYAGRAJ

सराहनीय कार्य / प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 07.11.2026

हत्या के अभियोग से सम्बन्धित 01 अभियुक्त थाना पूरामुफ्ती पुलिस द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से आलाकत्ल 01 सिलबट्टा बरामद

थाना पूरामुफ्ती पुलिस द्वारा थाना स्थानीय के पंजीकृत मु0अ0सं0 160/2026 धारा 103(1) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित वांछित 01 अभियुक्त सुमन कुमार उर्फ भैयालाल पासी पुत्र स्व0 राम मनोहर निवासी ग्राम मन्दर देहमाफी (मन्दरी) थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज को मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 07.11.2026 को रेलवे DFC लाइन डाट पुल के पास ग्राम मन्दरी से गिरफ्तार किया गया तथा कब्जे से आलाकत्ल सिलबट्टा बरामद किया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

घटना का संक्षिप्त विवरण:-

दिनांक 06/11/2026 को थाना स्थानीय के चौकी सल्लाहपुर क्षेत्रान्तर्गत मंदरी गाँव में 01 महिला की हत्या की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुचकर नियमानुसार पंचायतनामा की कार्यवाही करते हुये मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। मृतका के पिता द्वारा प्रस्तुत तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 160/2026 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया।

पूछताछ का विवरण-

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त सुमन कुमार उर्फ भैयालाल पासी पुत्र स्व0 राम मनोहर निवासी ग्राम मन्दर देहमाफी (मन्दरी) थाना पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज मृतका का पति है। अभियुक्त ने पूछताछ मे बताया कि उसे सन्देह था कि उसकी पत्नी/मृतका का उसके भतीजे से अवैध सम्बन्ध था। इसी कारण पति पत्नी मे प्रायः विवाद होता रहता था। दिनांक 05/06.11.2026 की रात्रि में पुनः विवाद हुआ जिससे कुण्ठित होकर अभियुक्त द्वारा सिलबट्टे से अपनी पत्नी के सिर पर कई वार किये जिससे उसकी मृत्यु हो गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

सुमन कुमार उर्फ भैयालाल पासी पुत्र स्व0 राम मनोहर निवासी ग्राम मन्दर देहमाफी मन्दरी थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 31 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

आलाकत्ल 01 सिलबट्टा।

सम्बन्धित अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 160/2026 धारा 103(1) बी0एन0एस0 थाना पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. उ0नि0 शान्तनु सिंह, थाना प्रभारी पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 हंसराज सिंह, थाना पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. का0 जसवन्त कुमार यादव, थाना पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. का0 यज्ञनेश कुमार, थाना पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज।
5. का0 गुलशन कुमार, थाना पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज।